>

Title: Regarding the problems faced by the people in Dakra, Ranchi due to the coal mining works done by CCL and not fulfilling the promise of providing basic facility to these people.

श्री राम टहल चौधरी (राँची) : अध्यक्ष महोदया, धन्यवाद।

मैं नियम शून्यकाल के माध्यम से सरकार को सूचित करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र रांची के अंतर्गत डकरा स्थान पर सी.सी.एल. द्वारा कोयला खनन कार्य चल रहा है। …(व्यवधान) इस क्षेत्र की एवं इसके आसपास के गांवों में जन-सुविधा दिए जाने की जिम्मेदारी सी.सी.एल. की है। …(व्यवधान) मुझे आपको सूचित करते हुए खेद हो रहा है कि सी.सी.एल. द्वारा मानकों से अधिक प्रदूषण फैलाया जा रहा है। …(व्यवधान) उस पर किसी प्रकार का सी.सी.एल. का नियंत्रण नहीं है, जिसकी वजह से यहां के ग्रामीण लोग कई बीमारियों की चपेट में हैं। …(व्यवधान)

दूसरी ओर इस क्षेत्र की एवं इसके आसपास की सड़कें कोयले से भरे वाहनों की आवाजाही से बहुत खराब हो चुकी हैं। …(व्यवधान) उनकी मरम्मत और सड़क के रख-रखाव पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। …(व्यवधान) इसके कारण सड़क की दशा दयनीय है और इस सड़क का प्रयोग करने के लायक भी नहीं है। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपका समय पूरा हो गया है। एक मिनट हो चुका है।

…(व्यवधान)

श्री राम टहल चौधरी : महोदया, एक मिनट में अपनी बात खत्म कर रहा हूं। …(व्यवधान) डकरा एवं इसके आसपास मोहन नगर एवं अन्य गांवों में पेयजल आवश्यकता के हिसाब से अपर्याप्त है। …(व्यवधान) वहां शौचालय का अभाव

है। ...(व्यवधान) यहां के बच्चों के लिए सुविधाजनक स्कूल भी नहीं हैं। ...(व्यवधान) सी.सी.एल. द्वारा नियमानुसार जन कल्याण संबंधी सुविधा इस कोयला खनन क्षेत्र के अंतर्गत गांवों को नहीं दी जा रही है। ...(व्यवधान)

अत: सदन के माध्यम से मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि इस पर शीघ्रातिशीघ्र ध्यान देते हुए इन समस्याओं का समाधान करे। ...(व्यवधान) धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री राम टहल चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।